**Bhavan's Tripura Vidyamandir**
**1st Quarterly Test : (2025-2026)**

**Class:- 11** | **Subject:- Hindi**
Time:- 1 Hour | Total :- 25 Marks
Roll: | Sec:
Name of the student:

---

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. <u>अपठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए</u> :- **5X1=5**

भारत की एक विशेषता जो दूसरे देशों में नहीं पाई जाती,वह है उसका अनेकरूपी होना। यहाँ एक ही आदमी एक साथ कई तरह की चीजों में विश्वास करता है। उदाहरण के रूप में यहाँ आदमी बीमार पड़ने पर होम्योपैथी का इलाज भी करवाता है, जुकाम में एलोपैथी और आवश्यकता पड़ने पर आयुर्वेदिक और यूनानी नुस्खे भी आज़मा लेता है। एक भारतीय जो अपने आपको बहुत आधुनिक मानता है वह कभी-कभी परेशानी की दशा में निस्संकोच भाव से टोना-टोटका भी करवा लेता है और लगे हाथ ज्योतिषी को भी हाथ दिखा लेता है। हम देखते हैं कि लोग बड़े श्रद्धा भाव से मज़ार पर माथा टेकते हैं और शिव की प्रतिमा के सामने भी सिर झुका लेते हैं। एक ही व्यक्ति एक साथ घोर पुरातन पंथी हो सकता है और अत्याधुनिक भी। विश्वासों और मान्यताओं का घालमेल भारतीयता का विशिष्ट बुनियादी तत्व है। भारत में एक अर्थ में कई शताब्दियाँ एक साथ अस्तित्व में हैं। मध्ययुगीन मूल्य व्यवस्था, प्राचीन जीवन पद्धति और आधुनिक औद्योगिक समाज की जीवनशैली एक परिवार और कभी-कभार एक ही व्यक्ति में शांतिपूर्ण सहअस्तित्व में पाई जा सकती है। हमारे लिए गर्व की बात यह है कि दुनिया में भारत ही एक ऐसा देश है जहाँ अपनेपन का संबंध अभी तक पूरी तरह पैसों के संबंधों में परिवर्तित नहीं हो पाए हैं। निश्छल पारिवारिक स्नेह, पड़ोसियों का आत्मीय व्यवहार भारत में ही दिखाई देता है।

क) भारत की अनेकरूपी विशेषता कहाँ दिखाई देती है ?

i) विभिन्न त्योहारों और उत्सवों में    ii) रीति-रिवाजों और मान्यताओं में

iii) एक ही व्यक्ति के कई तरह के विश्वासों में    iv) धर्मों और भाषाओं के विभिन्न वर्गों में

ख) अपने आपको बहुत आधुनिक मानने वाले भारतीय लोगों की विशेषता क्या है ?

i) पुरातनपंथी भी है और अत्याधुनिक भी    ii) आधुनिक सभ्यता में विश्वास करता है

iii) नई जीवनशैली को अपनाता है    iv) भावनात्मक संबंधों को महत्वहीन मानता है

ग) विश्वासों और मान्यताओं के घालमेल का क्या तात्पर्य है ?

i) आस्तिक भी होना और नास्तिक भी    ii) अत्याधुनिक और पुरातनपंथी होना

iii) हिंसावादी और अहिंसावादी होना    iv) विविधतापूर्ण दृष्टिकोण होना

घ) भारत में कई शताब्दियाँ एक ही अस्तित्व में कैसे हैं ?

i) विदेशी और स्वदेशी जीवन मूल्यों के रूप में

ii) धार्मिक और अधार्मिक विचारों के रूप में

iii) तरह-तरह के प्रभावों को आत्मसात करने के रूप में

iv) प्राचीन, मध्ययुगीन और आधुनिक मूल्य-व्यवस्था के रूप में

ङ) भारत के लिए गौरव की बात क्या है ?

i) आर्थिक रूप से प्रगति करना    ii) कई शताब्दियों का जीवन साथ होना

iii) अनेक प्रकार की चिकित्सा पद्धतियाँ    iv) परिवार और पड़ोसी में अपनेपन का संबंध

2. <u>किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दें</u> :-    2X2=4

क) प्रिंट माध्यम किसे कहते हैं ? उदाहरण दें।

ख) वॉचडॉग पत्रकारिता किसे कहते हैं ?

ग) संचारक किसे कहते हैं ?

3. <u>किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दें</u> :-    3X2=6

क) कबीर की दृष्टि में ईश्वर एक है। इसके समर्थन मेंउन्होंने क्या तर्क दिए हैं ?

ख) कृष्ण को पाने के लिए मीरा ने क्या-क्या खोया ?

ग) मीरा ने किसे अपना पति माना और क्यों ?

4. किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दें :- 3X2=6

क) वंशीधर के पिता वंशीधर को कैसी नौकरी दिलाना चाहते थे ?

ख) अदालत के सभी कर्मचारी पं. अलोपीदीन के प्रति सहानुभूति क्यों रखते थे ?

ग) मियाँ नसीरुद्दीन की कौन-सी बातें आपको अच्छी लगीं ?

5. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दें :- 4

क) आम श्रोता संगीत के किस गुण से प्रभावित होते हैं ?

अथवा

ख) लेखक ने कला के क्षेत्र में किसे और क्यों चमत्कार माना है ?